# मसूद के कॉलेज की एसआईटी जांच

## हाईकोर्ट के आदेश पर डीजीपी ने किया 3 सदस्यीय दल गठित

- एडीजी संजीव शमी के नेतृत्व में जांच
- दो बार पेश हुई फर्जी सेल डीड

**भोपाल,21 अगस्त. मध्य विधानसभा से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज की मान्यता के मामले में अब विशेष जांच दल जांच करेगा. हाईकोर्ट की डबल बेंच के निर्देश के बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की है.**

इस एसआईटी का नेतृत्व एडीजी (टेलीकॉम) संजीव शमी करेंगे. दल में डी. कल्याण चक्रवर्ती, डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज और निमिशा पांडे, एआईजी (प्रशिक्षण) पीएचक्यू भोपाल को सदस्य बनाया गया है. कोर्ट ने कॉलेज की मान्यता से जुड़े कथित फर्जी दस्तावेजों पर सख्त रुख अपनाते हुए तीन दिन के भीतर एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए थे. इसी आदेश के बाद विधायक मसूद पर एफआईआर दर्ज की गई.





अमन एजुकेशन सोसाइटी के सचिव रहते हुए विधायक आरिफ मसूद ने कॉलेज की मान्यता दिलाने के लिए फर्जी कागज़ात का सहारा लिया. बताया जाता है कि उन्होंने वर्ष 2004 और 2005 में दो बार फर्जी सेल डीड पेश की थी. लंबे समय तक मामला दबा रहा और करीब 20 साल तक जांच लंबित रही. अंततः सब-रजिस्टार परी बाजार, भोपाल की रिपोर्ट में यह फर्जीवाड़ा सामने आया. अब गठित एसआईटी इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच करेगी.

> मानना जा रहा है कि जांच के दौरान कई पुराने दस्तावेज़ और अधिकारियों की भूमिका भी खंगाली जाएगी. हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि शिक्षा संस्थानों से जुड़ी मान्यता में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### उमरिया कलेक्टर के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी

**उमरिया.** उमरिया जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर घरेलू सामान बेचने के नाम पर ठगी करने के कोशिश का मामला सामने आते ही कलेक्टर ने साइबर सेल और पुलिस के साथ ही अन्य अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर जैन ने बताया कि फेसबुक पर उनके फोटो के साथ एक फर्जी आईडी बनाकर घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक सामान बेहद सस्ते दामों में बेचने का झांसा दिया गया है. कलेक्टर ने अपने नाम की इस आईडी को फर्जी फेसबुक आईडी बताया और कहा कि उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है. उन्होंने कहा कि किसी के द्वारा ठगी करने के लिए ऐसा काम किया गया है. उन्होंने अपील करते हुए फ्रेंड रिक्वेस्ट और वित्तीय लेनदेन करने से बचने का आग्रह किया है.

# भाजपा में पिछड़ों के सम्मान से कांग्रेस बौखलाई

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 अगस्त. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा बैतूल जिले के मुलताई से भाजपा के तीसरी बार के विधायक चंद्रशेखर देशमुख को लेकर अमर्यादित शब्द कहने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है.**

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा देश के साथ मप्र में पिछड़ा वर्ग को दिए जा रहे सम्मान से कांग्रेस पार्टी और उसके नेता बौखला गए हैं. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ विधायक के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग कांग्रेस की हताशा का प्रतीक है. जीतू पटवारी ने एक जनप्रतिनिधि नहीं मप्र के समूचे पिछड़े वर्ग का अपमान किया है. राजनीति में मतभेद स्वाभाविक हैं, किंतु अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना लोकतांत्रिक परंपराओं की अवहेलना और राजनीतिक मर्यादाओं का हनन है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का अमर्यादित शब्द कांग्रेस पार्टी के गिरते राजनीतिक स्तर को दिखाता है. कांग्रेस पार्टी और उसके नेता पटवारी द्वारा जिस तरह से पिछड़ा वर्ग का अपमान किया जा रहा है, मप्र की जनता इसका सबक कांग्रेस को जरूर सिखाएगी.



पटवारी के बयान पर अध्यक्ष खंडेलवाल ने दी प्रतिक्रिया

> खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता प्रदेश में अपनी खोई हुई लोकप्रियता और जनाधार से बौखलाकर कभी न्यायपालिका, अधिकारियों तो कभी जनप्रतिनिधियों पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं. भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख प्रदेश के सम्मानित जनप्रतिनिधि हैं. समूचे बैतूल जिले के सभी समाज वर्ग के लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं. विधायक देशमुख अपना पूरा जीवन, दलितों, वंचितों और पिछड़े वर्ग के साथ समाज के हर वर्ग की सेवा को समर्पित किया है. देशमुख जैसे जनप्रतिनिधि का अपमान कर कांग्रेस मप्र के समूचे पिछड़ा वर्ग समाज को अपमानित कर रही है.

### रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए पीएचई अधिकारी

**जबलपुर.** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के कार्यपालन यंत्री शरद कुमार सिंह और वरिष्ठ लेखा लिपिक विकास पटैल को आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने 24 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया. अधिकारियों ने दमोह निवासी ठेकेदार रोहित बरौलिया से सिहोरा ब्लॉक में किए गए हैंडपंप मेंटेनेंस के बिल पास करने के लिए रिश्वत मांगी थी.

ईओडब्ल्यू के अनुसार ठेकेदार ने 2.47 लाख रुपये का बिल लगाया था, जिस पर कार्यपालन यंत्री ने 10 प्रतिशत कमीशन मांगा. शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने सत्यापन कर ट्रैप की योजना बनाई.

# आज़ादी के बाद भी ग्रामीण इलाकों की बदहाली

**नीमच, 21 अगस्त. आज़ादी के 78 साल बाद भी प्रदेश के कई गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. मनासा से रहटगांव तक महज़ 15 किलोमीटर का रास्ता आदिवासी ग्रामीणों के लिए किसी संघर्ष से कम नहीं है. वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे इन ग्रामीणों की आवाज़ न तो प्रशासन तक पहुँची और न ही जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता दिखाई.**

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में हालात और भी बिगड़ जाते हैं. बीमार व्यक्ति को समय पर अस्पताल नहीं पहुँचाया जा सकता. खेतों से अनाज और सब्ज़ियां बाज़ार तक लाना भी मुश्किल हो जाता है. प्रदेश सरकार जहां एयर एंबुलेंस और स्मार्ट सिटी जैसे सपने दिखा रही है, वहीं ज़मीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां करती है.



> किसान बदहाल हैं, युवा बेरोज़गार हैं और गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए अब भी तरस रहे हैं. इसी मुद्दे पर कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार ने सोशल मीडिया पर सरकार को घेरा है. उन्होंने ट्विटर (एक्स) पर लिखा कि आज़ादी के 78 साल बाद भी गांव सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं. भाजपा की डबल इंजन सरकार ने गांवों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है.

# प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव से झमाझम बारिश

**भोपाल,21 अगस्त . मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार झमाझम बारिश का दौर जारी है. मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए 12 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. इनमें नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर शामिल हैं.**

इन जिलों में ढाई से साढ़े चार इंच तक पानी गिरने की संभावना है. प्रदेश में अब तक औसतन 32.4 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है, जो मानसून कोटे का 87 प्रतिशत है. विभाग का अनुमान है कि 22 और 23 अगस्त को भी कई इलाकों में तेज बरसात हो सकती है.

**12** जिलों में भारी बारिश का अलर्ट | **87** प्रतिशत मानसून अब तक पूरा



> **रतलाम में 9 घंटे में 3 इंच पानी**
> बुधवार को रतलाम में झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ. नौ घंटे में 3 इंच पानी गिरा, जिससे सड़कों पर पानी भर गया. दमोह में ढाई इंच वर्षा दर्ज हुई. इंदौर, गुना, ग्वालियर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, भोपाल, नरसिंहपुर, उज्जैन, बैतूल, टीकमगढ़, छतरपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, शाजापुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, रीवा, सागर, सतना, सीधी, उमरिया, बालाघाट, राजगढ़, विदिशा और देवास में कहीं तेज तो कहीं रुक-रुककर बारिश होती रही.

# कांग्रेस नेता दीक्षित को अवैध खनन पर नोटिस

## 62 करोड़ रुपए का जुर्माना, समय पर अदा न करने पर भरना होगा 124 करोड़ से अधिक

**पन्ना,21 अगस्त. अवैध खनन के मामले में कांग्रेस नेता श्रीकांत उर्फ पप्पू दीक्षित पर बड़ी कार्रवाई की गई है. कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार ने शिकायती आवेदन और खनिज विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर श्रीकांत दीक्षित एवं डायमंड स्टोन क्रेशर के प्रोपराइटर को नोटिस जारी किया है.**

नोटिस में कहा गया है कि मप्र खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियम 2022 का उल्लंघन करते हुए स्वीकृत क्षेत्र से बाहर उत्खनन किया गया. इसके चलते दीक्षित पर 62 करोड़ 27 लाख 92 हजार 800 रुपए की प्रशमन राशि जमा करने का आदेश दिया गया है. यदि राशि निर्धारित समय पर जमा नहीं की गई तो दोगुना जुर्माना यानी 124 करोड़ 55 लाख 85 हजार 600 रुपए अदा करना होगा.

**एक सितम्बर को पेशी तिथि तय:** कलेक्टर ने दीक्षित को आगामी 1 सितम्बर को पेश होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. तय तारीख पर पेश न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी.शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि ग्राम बिलघाड़ी, तहसील गुनौर की धुवयाई पत्थर खदान में स्वीकृत क्षेत्र से बाहर खनन हो रहा है. गिट्टी क्रेशर में भी तय सीमा से बाहर खोदाई की बात सामने आई.



> उप संचालक, खनिज प्रशासन की जांच रिपोर्ट में इन आरोपों की पुष्टि हुई. रिपोर्ट के मुताबिक श्रीकांत दीक्षित ने भौमिकी एवं खनिकर्म क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा स्वीकृत माइनिंग प्लान की शर्तों का भी उल्लंघन किया. अब एसआईटी जैसी सख्त कार्यवाही की आशंका जताई जा रही है.

# जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन, 21 अगस्त. जर्मनी से मध्यप्रदेश के उज्जैन में उद्योग क्षेत्र से जुड़ी संभावनाएं तलाशने आए एक प्रतिनिधिमंडल ने महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन किए और कहा कि भारत को वह अपने दूसरे घर के रूप में देखते है.**

आधिकारिक जानकारी के अनुसार विक्रम उद्योगपुरी और स्मार्ट सिटी कार्यालय भ्रमण हेतु यहां आये प्रतिनिधिमंडल ने अपने प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर दर्शन किये. मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उपप्रशासक एवं डिप्टी कलेक्टर एसएन सोनी द्वारा प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया.

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि उनको उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के दौरान एक अलग ऊर्जा की अनुभूति हुई और महाकालेश्वर भगवान के समक्ष उनको एक जुड़ाव व शांति का अनुभव हुआ. नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जर्मनी यात्रा तथा भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू के चलते द्विपक्षीय सहयोग को नए आयाम दिए जा रहे हैं. प्रतिनिधिमंडल के आने का उद्देश्य यह है कि वे संभावनाएं तलाशेंगे कि, यहां हो रहे इनोवेशन, रिसर्च व डेवलमेंट में वे क्या मदद कर सकते हैं

# जनसुनवाई के नाम पर चल रही नौटंकी

## प्रशासन के रवैये से नाराज़ हुए पूर्व मंत्री धुर्वे, पटवारी भी नाराज

**डिंडोरी, 21 अगस्त. मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर आदिवासी नेता, पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे का शासकीय जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है.**

वीडियो में डिंडोरी जिले के शहपुरा से विधायक धुर्वे कलेक्ट्रेट में आयोजित हो रही जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति के आवेदन को लेकर प्रशासन के जवाब से असंतुष्टि जताते हुए नाराजगी दिखाते दिखाई दे रहे हैं. इस दौरान वे कलेक्टर समेत समूचे जिला प्रशासन को सवालों के घेरे में ले रहे हैं. वीडियो डिंडोरी जिले का ही बताया जा रहा है.



इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, मप्र में डिंडौरी जिले से, शहपुरा के भाजपा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे बधाई के पात्र हैं! धुर्वे ने प्रदेश में जनसुनवाई के नाम पर चल रही खुली सरकारी नौटंकी पर, उदाहरण के साथ, नाराजगी जाहिर की है!

> प्रदेशवासियों, यदि भाजपा के सभी विधायक ऐसे ही सवाल खड़े करें, तो पीड़ितों को जल्दी राहत मिलेगी! कृपया अब अपने क्षेत्र के माननीय को जनसुनवाई में साथ लेकर ही जाएं! इसी जनसुनवाई के दौरान के धुर्वे के और भी कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें वे एक महिला फरियादी के समर्थन में उतरते हुए भी प्रशासनिक अधिकारियों को सीख देते नजर आ रहे हैं.

# बस में हुई महिला की डिलीवरी

## बस स्टाफ ने समय पर पहुंचाकर दिखाई मानवता

**पन्ना,21 अगस्त . जिला अस्पताल पन्ना में एक महिला ने बस में बच्चे को जन्म दिया. मामला एंबुलेंस समय पर न मिलने का है. ग्राम पगरा निवासी गर्भवती महिला को 20-21 अगस्त की रात करीब 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई.**

परिजन ने कई बार 108 एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन गाड़ी नहीं आई. मजबूरी में सुबह 6 बजे उसे भोपाल से पन्ना आ रही विंध्याचल यात्री बस में बैठाया गया. रास्ते में महिला की हालत बिगड़ गई और अमानगंज से आगे बढ़ते ही प्रसव पीड़ा तेज हो गई.

बस में कोई विशेषज्ञ मददगार मौजूद नहीं था. इस बीच महिला ने बताया कि बच्चे का सिर बाहर आ चुका है. हालात गंभीर देखते हुए ड्राइवर और कंडक्टर ने बस को बिना कहीं रोके सीधे जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया. एक घंटे में ही महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सुरक्षित प्रसव हुआ. जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं. ग्रामीणों का कहना है कि समय पर एंबुलेंस मिल जाती तो महिला और बच्चे की जान खतरे में नहीं पड़ती. वहीं, बस स्टाफ के इस मानवीय प्रयास की सराहना की जा रही है.

# प्रशासन ने होप टेक्सटाइल से कब्जे में ली जमीन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 21 अगस्त . आज जिला प्रशासन ने होप टेक्सटाइल मिल की जमीन पर वापस कब्जा ले लिया है. कब्जा कलेक्टर कोर्ट द्वारा कल जमीन को सरकारी घोषित करने के बाद लिया गया. उक्त जमीन मेसर्स नदलाल भंडारी को इंडस्ट्री लगाने के लिए दी गई थी. करीब 22.24 एकड़ जमीन का बाजार मूल्य 1 हजार करोड़ रुपए बताया जा रहा है.**

कलेक्टर आशीष सिंह ने एक महत्वपूर्ण मामले में आदेश करते हुए शहर के बीचोबीच होप टेक्सटाइल के जमीन का कब्जा वापस ले लिया. खसरा नंबर 282/ 2 की यह जमीन राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी दर्ज है.



उक्त 22.84 एकड़ जमीन में से 4.85 एकड़ पर न्यू सियागंज बनाने का प्रस्ताव था, लेकिन न्यू सियागंज 10 एकड़ पर बना है. शेष जमीन 4.93 एकड़ जमीन जिला कोर्ट पार्किंग के लिए यथावत रखी गई है. बची जमीन पर प्रशासन ने कब्जा लेकर अपना बोर्ड और राजस्व रिकार्ड में सरकारी घोषित कर दी.

कलेक्टर सिंह ने कल आदेश दिया और आज एसडीएम प्रदीप सोनी और तहसीलदार प्रीति भिसे एवं उनके राजस्व अमले ने मौके पर जाकर कब्जा ले लिया.

> **यह है मामला**
> सन 1939 में होलकर स्टेट ने मेसर्स नंदलाल भंडारी को लीज पर जमीन दी थी. यह जमीन पर इंडस्ट्री डालने के लिए दी थी. इसके बाद 1955 में यह जमीन होलकर स्टेट ने बेच दी. जमीन पर कांतिलाल बम का संचालक होने के नाते हस्तक्षेप था. 2012 में आकाश त्रिपाठी ने जमीन सरकारी होने करने कब्जा वापस लेने की आदेश दिए. उक्त आदेश के खिलाफ बम ने हाईकोर्ट में याचिका लगा दी.

# जिला अध्यक्ष अब पार्टी ऐप पर अपलोड करेंगे दैनिक कार्य

**संवाददाता द्वारा**

**भोपाल, 21 अगस्त. कांग्रेस पार्टी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों का ब्यौरा पार्टी के डिजिटल ऐप पर अपलोड करें.**

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव संजय कमले ने बताया कि 24 अगस्त को दिल्ली में जिला अध्यक्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसमें वरिष्ठ नेता मार्गदर्शन देंगे और संगठनात्मक रणनीतियां साझा करेंगे. समय-समय पर जूम मीटिंग भी होगी, जिनमें वरिष्ठ नेता अध्यक्षों को सलाह और सुझाव देंगे.

कमले ने कहा कि जिला अध्यक्षों के कामकाज का पहला मूल्यांकन 3 माह बाद तथा दूसरा मूल्यांकन 6 माह बाद किया जाएगा. इसके बाद तय होगा कि संबंधित अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे या नहीं. उन्होंने कहा, पार्टी अब परिणाम और जवाबदेही चाहती है. इसलिए हर जिला अध्यक्ष को अपने काम का रिकॉर्ड रखना होगा. सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना होगा और क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी रखनी होगी. महासचिव ने बताया कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर सोशल मीडिया पर असंतोष के स्वर भी पार्टी नेतृत्व की नजर में हैं. कुछ कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर नाराजगी जताते हुए पोस्ट किए थे. कुछ ने पोस्ट हटा ली, लेकिन कई अब भी हटाने को तैयार नहीं हैं. ऐसे मामलों में पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रही है.



उन्होंने पूर्व पार्षद मोनू सक्सेना का उल्लेख किया, जिन्होंने हाल ही में घोषित जिला अध्यक्षों की सूची पर आपत्ति जताई थी. सक्सेना को पार्टी ने सुझाव दिया है कि वे अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर प्रकट करने की बजाय संगठनात्मक स्तर पर लिखित रूप से हाईकमान को अवगत कराएं.

> कमले ने कहा कि यह डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम संगठनात्मक पारदर्शिता और निरंतरता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. उन्होंने कहा, यह आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ने और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास है. जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है, उन्हें अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता साबित करनी होगी. यह कदम कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत व्यापक सुधारों का हिस्सा माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य आगामी चुनावी चुनौतियों से पहले जमीनी नेतृत्व को सक्रिय और मजबूत करना है. डिजिटल जवाबदेही और नियमित मूल्यांकन से पार्टी को उम्मीद है कि जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचा और केंद्रीय नेतृत्व के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा.

पेज एक का शेष...

### 15 विधेयक दोनों सदनों से पारित

शुरू हुई थी लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी. इस सत्र में लोकसभा की कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे किंतु व्यवधान के कारण केवल 55 प्रश्नों का ही जवाब दिया जा सका. लोकसभा में मुश्किल से 37 घंटे और राज्यसभा में 41 घंटे और 15 मिनट ही कामकाज हो सका. राज्यसभा में सदस्यों को 285 प्रश्न, 285 शून्यकाल विषय और 285 विशेष उल्लेख उठाने का अवसर था लेकिन केवल 14 प्रश्न, 7 शून्यकाल विषय और 61 विशेष उल्लेख ही वास्तव में लिए जा सके.

**सफाई कर्मियों का सम्मान** | बड़े तालाब में कश्मीरी डल झील की तरह शिकारा का संचालन होगा

# अक्टूबर से भोपाल में दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 21 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल देश के सुंदरतम शहरों में से एक है. प्रदेश की राजधानी के विकास को सुनियोजित करते हुए भोपाल को राज्य सरकार मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है.**

भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के आवागमन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वेस्टर्न बायपास भी विकसित किया जा रहा है. अक्टूबर 2025 तक भोपाल में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी आरंभ होगा. बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील के समान शिकारों का संचालन भी किया जाएगा. नगर निगम के माध्यम से प्रमुख मार्गों पर भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं. साथ ही नगर में विशाल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा. मुख्यमंत्री नगर निगम द्वारा निर्माण कार्यों के भूमिपूजन, नियुक्ति-पत्र वितरण और सफाई मित्रों के सम्मान के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में अमृत 2.0 परियोजना के तहत रुपए 582.32 करोड़ की लागत से विभिन्न जलापूर्ति संबंधी कार्यों और 16 करोड़ 76 लाख रूपए लागत से विभिन्न वार्डों में होने वाले 50 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया. साथ ही नियुक्ति एवं अनुकंपा-पत्र प्रदान किए और सफाई मित्रों का सम्मान भी किया.



> **सीएम ने तैयारियों को लेकर की बैठक**
> मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में आयोजित बैठक में आगामी एक नवंबर को मप्र स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की. प्रस्तावित कार्यक्रमों के अनुसार स्थापना दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी. भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा. जनकल्याण, सुशासन और शौर्य के पर्याय सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और योगदान से नागरिकों को महानाट्य के माध्यम से परिचित करवाने के लिए दक्ष कलाकार राजधानी आएंगे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14